समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# महाराष्ट्र मे 1 जुलाई से वाहन टैक्स मे बंड़ा बदलाव, लग्जरी और CNG गाड़ियां होंगी महंगी।

Publisher Published on 01 Jul 2025



## महाराष्ट्र सरकार की नई टैक्स नीति के तहत अब पेट्रोल, डीजल, CNG और कमर्शियल गाड़ियों पर कीमत के हिसाब से टैक्स लिया जाएगा, EV को मिली राहत।

**वाहन टैक्स नीति मे बंड़ा फेरबदल**

**Vehicle Tax Revised in Maharashtra: महाराष्ट्र सरकार ने 1 जुलाई 2025** से नई **वाहन टैक्स नीति** लागू कर दी है, जिसके तहत अब **पेट्रोल-डीजल, CNG, LNG** और **कमर्शियल वाहनों पर टैक्स** की दरों में इजाफा किया गया है। इस बदलाव का असर सीधे तौर पर **आम लोगों, वाहन खरीदारों** और **व्यावसायिक परिवहन** पर पड़ेगा।

**अब कीमत के आधार पर लगेगा टैक्स**

**नई टैक्स व्यवस्था** के तहत अब गाड़ियों की एक्स-शोरूम कीमत के आधार पर टैक्स वसूला जाएगा।

**पेट्रोल गाड़ियों पर टैक्स दरे:**

१. **₹10 लाख तक :** 11%
२. **₹10–20 लाख :** 12%
३. **₹20 लाख से ऊपर :** 13%

**डीजल गाड़ियों पर टैक्स दरें:**

१. **₹10 लाख तक :** 13%

२. **₹10–20 लाख :** 14%

३. **₹20 लाख से ऊपर :** 15%

**इंपोर्टेड और कंपनी रजिस्ट्रेशन पर 20% टैक्स**

यदि कोई वाहन **विदेश से आयात** किया गया है या किसी **कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड** है, तो अब उस पर **सीधा 20% वन-टाइम टैक्स** लगेगा। यह प्रावधान लग्जरी और व्यवसायिक उपयोग की गाड़ियों को प्रभावित करेगा।

**CNG और LNG वाहनों पर अतिरिक्त टैक्स**

पहले **CNG**/**LNG** वाहनों को टैक्स में छूट मिलती थी, लेकिन अब **सभी श्रेणियों मे 1% एक्स्ट्रा टैक्स** लगाया जाएगा। इससे इनपर लागत थोड़ी बढ़ जाएगी।

**कमर्शियल वाहनों पर नया गणना आधार**

अब कमर्शियल वाहनों पर टैक्स **भार क्षमता** के बजाय **एक्स-शोरूम कीमत** के आधार पर लिया जाएगा।

उदाहरण:

यदि किसी पिकअप ट्रक की कीमत ₹10 लाख है, तो अब उस पर **7% यानी ₹70,000 टैक्स** देना होगा, जो पहले केवल **₹20,000** था।

ईवी को मिली राहत

**सरकार ने ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) सेगमेंट** को बढ़ावा देने के उद्देश्य से **30 लाख** से ऊपर की गाड़ियों पर प्रस्तावित **6% टैक्स** को फिलहाल स्थगित कर दिया है।

**सरकार का उद्देश्य**

**महाराष्ट्र सरकार के अनुसार, इस नई टैक्स नीति का उद्देश्य**:

१. **राज्य का राजस्व बढ़ाना**

२. **टैक्स कलेक्शन मे पारदर्शिता लाना**

३. **टैक्स चोरी पर लगाम लगाना**

४. **प्रणाली को आसान और डिजिटल बनाना है**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.